हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026



# हमर क्लीनिक में सालों से बीपी, मल्टी विटामिन और कैल्सियम की दवा नहीं

## मरीजों को नहीं मिल रही मामूली बीमारी की दवा, मेडिकल उपकरण का लाभ भी नहीं

जनसरोकार खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में भले ही दो दर्जन से अधिक हमर क्लीनिक खोल दिए गए हैं, लेकिन यहां मामूली बीपी, विटामिन और कैल्सियम तक की दवा नहीं मिल रही है। डॉक्टर लगातार दवाओं की डिमांड कर रहे हैं, लेकिन आपूर्ति नहीं होने से मरीज भी बगैर दवा लिए लौट रहे हैं। लाखों रुपए खर्च कर तैयार की गई हमर क्लीनिक सिर्फ दिखावा साबित हो रही है।

शहर में दो दर्जन हमर क्लीनिक खोले गए हैं। प्रत्येक क्लीनिक को आधुनिक तरीके से तैयार करने 25-25 लाख रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन यहां दवाओं की सुविधा कौड़ीभर की नहीं है। नवभारत ने सिविल लाइन स्थित हमर क्लीनिक से जानकारी जुटाई। वहां पता चला कि सालों से बीपी की दवा नहीं है। वहीं इंफेक्शन क्रीम, मलेरिया किट और मल्टीविटामिन और कैल्सियम तक की दवा नहीं है। इसके अलावा गर्भवती जांच के लिए यहां बैड तक नहीं दिया गया है। लाईट की भी यहां व्यवस्था नहीं है।

इधर समय-समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी और विस्तार के लिए प्रदेश के साथ ही केंद्र सरकार की तरफ से भी फंड उपलब्ध कराए जा रहे है। जिसके बाद भी जिले में स्वास्थ्य महकमे की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल खड़े हो रहे है। ज्ञात हो शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं को लेकर शिकायतें सामने आती रही है।

### नवागांव में भी यही स्थिति

नवागांव के हमर क्लीनिक में रोजाना पचास से अधिक मरीज शुरूआत में आ रहे थे। यहां भी पता चला कि बीपी की दवा नहीं है। बीपी तेल और सुगर की दवा नहीं है। सिविल लाइन और नवागांव दोनों जगह इंजेक्शन रखने फ्रीज की सुविधा नहीं है। ऐसे में मामूली उपचार का लाभ नहीं मिलने से मरीज लौट रहे हैं।




### बुजुर्ग भी हो रहे परेशान

बुजुर्गों को दिक्कत न हो, उसके लिए भूतल में चारो तरफ सीढ़ी निर्माण की आवश्यकता है और परिसर में हितग्राहियों के लिए वेटिंग कुर्सी निर्माण की आवश्यकता है। बैठने हेतु कुर्सी टेबल की आवश्यकता और दस्तावेज रखने के लिए आलमारी की आवश्यकता है। पीने का पानी भी यहां नहीं है। कम्प्यूटर सिस्टम और वाईफाई की यहां मांग की गई है।

### सांसद को भी ज्ञापन

सिविल लाइन स्थित हमर क्लीनिक की समस्या को लेकर विगत दिनों ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें संचालित क्लिनिक में जो बाउंड्री है, उसमें एक गेट की आवश्यकता है और जो क्लिनिक के अंदर गंदगी है, उसको साफ-सफाई की जरूरत है। संचालित क्लिनिक में बिजली सुविधा नहीं है। जैसे कक्ष में लाइट खराब हो गई है, पंखा रिपेयरिंग के लिए है, वह अभी तक लगा नहीं है।

## खबर संक्षेप

### निगम पेंशनर संघ की बैठक 14 को

**राजनांदगांव।** सेवानिवृत कर्मचारी संघ नगर पालिका निगम राजनांदगांव के होली मिलन समारोह की बैठक 14 मार्च को 2 बजे बलराम दास टाऊनहाल सभागृह में सेवानिवृत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दुर्गाराम साहू की अध्यक्षता में आहुत की गई है। बैठक में डॉ. डीसी जैन, प्रांताध्यक्ष नगरीय निकाय पेंशनर संघ, मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि आयुक्त अतुल विश्वकर्मा होंगे। उक्त बैठक में दुर्ग संभागीय अध्यक्ष अजय यादव उपस्थित रहेंगे। बैठक में समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## माय एंगल




### नए कनेक्शन नहीं मिल रहे, केवाईसी नहीं होने पर भी बुकिंग नहीं

# व्यावसायिक सिलेंडर की सप्लाई ठप जमाखोरी के खिलाफ विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एलपीजी गैस को लेकर बनी स्थिति के बीच अब जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है, जहां व्यावसायिक गैस सिलेंडर की सप्लाई चैन ही ठप हो गई है। वहीं इन गैस का उपयोग करने वाले होटल-ढाबा एवं रेस्टोरेंट में अब खाद्य विभाग की टीम ने दबिश देना शुरू कर दिया है। दबिश देकर विभाग जमाखोरी होने पर सिलेंडर की जब्ती भी कर रहा है। 47 सिलेंडर जब्त किए गए है।

इजरायल ईरान युद्ध के चलते सोशल मीडिया पर आने वाले दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी होने का हवाला दिया जा रहा है। जिसके बाद पेट्रोल और रसोई गैस की जमाखोरी बढ़ रही है। एलपीजी वितरक एजेंसी में लोगों की भी नजर आ रही है, लेकिन अब 25 दिन के बाद सिलेंडर देने का नियम लागू होने की वजह से लोगों को वापस भी लौटना पड़ रहा है।

एलपीजी गैस सिलेंडर की शॉर्टेज होने की आशंका से लोग अपने घरों में अतिरिक्त सिलेंडर भराकर रखने जुटे हुए हैं, जिन घरों में सिंगल सिलेंडर है, वह अपने सिलेंडर डबल कर रहे हैं। वहीं जहां डबल सिलेंडर हैं, ऐसे घर में अतिरिक्त खाली सिलेंडर की व्यवस्था कर ईंधन जमा रखने का प्रयास किया जा रहा है।




### उपभोक्ताओं को आ रहे मैसेज

इधर एलपीजी वितरक कंपनियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर मैसेज भेजकर सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी को लेकर फैलाए जा रहे दावों को भ्रामक और निराधार बताया जा रहा है। वहीं देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता होने को लेकर आश्वस्त किया जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन के खाद्य विभाग के अफसर एवं कर्मचारी भी यहीं संदेश दे रहे है।

### रसोई गैस का शॉर्टेज नहीं

जिला खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर की कोई शॉर्टेज नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर का भंडारण है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर आकर अनावश्यक जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर की जमाखोरी को लेकर होटल, ढाबों में भी चेकिंग की जा रही है।

### पौने दो लाख कनेक्शन

जिले में लगभग 1 लाख 74 हजार एलपीजी गैस कनेक्शनधारी है। इनमें से 80 प्रतिशत हितग्राहियों का ही केवाईसी पूर्ण हुआ है। वहीं लगभग 20 प्रतिशत हितग्राहियों ने केवाईसी नहीं कराया है। जिलेभर में प्रतिमाह लगभग सवा लाख से अधिक सिलेंडर की रिफिलिंग होती है, जिस उपभोक्ता का केवाईसी नहीं हुआ है, उन्हें अब सिलेंडर भी नहीं मिल रहा है। वहीं एक घर में पति के नाम एलपीजी कनेक्शन होने के बाद पत्नी के नाम पर उज्ज्वला योजना से कनेक्शन मिलने पर ऐसे घरों में उज्ज्वला योजना की सब्सिडी भी नहीं दी जा रही है।

### 60 रुपए बढ़े दाम

इजरायल, ईरान युद्ध के बीच अब एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने लगे हैं। हाल ही में घरेलू सिलेंडर पर 60 रुपए और व्यावसायिक गैस सिलेंडर पर 115 रुपए दाम में वृद्धि हुई है। जिससे 14.2 किलो घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत अब लगभग 984.50 रुपए हो गई है। बढ़ते दामों को गैस सिलेंडर की शॉर्टेज मानकर आने वाले दिनों में सिलेंडर के दाम और बढ़ाने या सिलेंडर की कमी होने की आशंका के चलते लोग रसोई गैस की जमाखोरी कर रहे हैं।

### 25 दिन बाद मिलेगा दूसरा सिलेंडर

इधर रसोई गैस सिलेंडर की जमाखोरी को रोकने के लिए खाद्य विभाग के माध्यम से 25 दिनों के बाद ही सिलेंडर बुकिंग का नियम लाया गया है। अब एक सिलेंडर भराने के बाद दूसरे सिलेंडर के लिए 25 दिन का इंतजार करना पड़ेगा, जिन परिवारों ने हाल ही में सिलेंडर भर आया है, उनके दूसरे सिलेंडर का नंबर अब 25 दिन बाद ही लगाया जा रहा है। इस नियम से गैस सिलेंडर की जमाखोरी रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

### केवाईसी नहीं होने पर सिलेंडर नहीं

गैस सिलेंडर की किल्लत की खबरों के बीच अब कंपनियों ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। ऐसे में केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को अब गैस सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। वहीं एक नाम पर दो कनेक्शन होने पर भी केवल एक ही सिलेंडर जारी किया जा रहा है। इसके अलावा नए कनेक्शन भी मौजूदा हालत को देखते हुए जारी नहीं किए जा रहे हैं।

### घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर सख्ती

## 15 होटलों और ढाबों में छापे, 47 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर राजनांदगांव के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग के खिलाफ आज एक बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग की विशेष टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे घरेलू सिलेंडरों को जब्त किया।



### विभागीय टीम ने की मुस्तैद कार्रवाई

इस छापामार कार्रवाई को जिले के सहायक खाद्य अधिकारियों एवं खाद्य निरीक्षकों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। टीम ने संचालनालय रायपुर से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में औचक निरीक्षण किया और मौके पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत प्रकरण दर्ज किए।

### इन संस्थानों पर हुई जब्ती

जांच दल द्वारा कुल 15 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिनमें मुख्य रूप से मानव मंदिर (तुलसीपुर), रेलवे स्टेशन स्थित अग्रवाल होटल, गुजरात इन, साकी पंजाबी होटल, राधे कृष्ण भोजनालय, राजा भोजनालय और गुरुद्वारा चौक स्थित पाठक भोजनालय व शुद्ध शाकाहारी भोजनालय शामिल है। इसके अतिरिक्त स्टेडियम रोड पर स्थित कोकास रेस्टोरेंट, ग्वालियर चाट, महेन्द्र चाट, श्रीनाथ पाव भाजी तथा उरईडबरी स्थित जाप ढाबा, फार्म टू टेबल और अनमोल पंजाबी ढाबा में भी कार्रवाई की गई।

# मटियामोती से बुझेगी शहर की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिवनाथ नदी मोहारा एनीकट का जल स्तर कम होने के कारण रॉ-वाटर प्रदाय के लिए महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बालोद को मटियामोती जलाशय से नगर निगम राजनांदगांव के लिए आरक्षित पानी में से पानी छोड़ने पत्र लिखा गया था। जिसके परिपालन में 10 मार्च को मटियामोती जलाशय से पानी छोड़ने की कार्रवाई की गई।

गत माह महापौर श्री यादव द्वारा मटियामोती जलाशय का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार पानी लेने निर्देश दिया गया था। निर्देशानुसार पत्राचार कर पानी लेने प्रक्रिया की गई। गर्मी बढ़ने पर एनीकट में पानी की संग्रहण क्षमता अनुसार मोगरा जलाशय से भी पानी लिया जाएगा, ताकि ग्रीष्म ऋतु में नागरिको को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराया जा सके। इधर निगम प्रशासन के जल विभाग के अमले ने रूट मार्ग की सफाई कर पानी की सुरक्षा के लिए रूट मार्ग पर मानीटरिंग की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।



### 4-5 दिनों में पहुंचेगा मोहारा एनीकट

महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निर्देश पर जल संसाधन विभाग बालोद एवं नगर निगम राजनांदगांव के जल विभाग के स्टॉफ की उपस्थिति में मटियामोती जलाशय से पानी को छोड़ने की कार्रवाई की गई है। उक्त पानी 4-5 दिनों में 35 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद मोहारा स्थित शिवनाथ एनीकट पहुंचेगा। मटियामोती जलाशय के लगभग 600 एमसीएफटी पानी में से 300 एमसीएफटी पानी ग्रीष्म ऋतु के लिए नगर निगम राजनांदगांव को पेयजल आपूर्ति के लिए सुरक्षित रखा गया है। सुरक्षित पानी को कल छोड़ने की कार्रवाई की गई।

# दिल्ली जाने अप्रैल में हर दिन सिर्फ दो ट्रेन बुकिंग तेज, मुंबई के लिए गीतांजलि पर दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अप्रैल के शुरूआत में दिल्ली और मुंबई की ट्रेनों के रद्द होने के बाद अब लोगों ने दूसरी ट्रेनों में बुकिंग तेज कर दी है। रेलवे ने 5 अप्रैल से 24 तक 14 ट्रेनों को रद्द किया है, जो राजनांदगांव से होकर गुजरती है। छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोडवाना समेत ज्ञानेश्वरी, समता एक्सप्रेस ट्रेनों के एक साथ रद्द होने से यात्री अब दिल्ली के लिए संपर्क क्रांति, राजधानी, हमसफर एक्सप्रेस को चुन रहे हैं। वहीं मुंबई के लिए समरसत्ता व हावड़ा मेल को अपना नया विकल्प बना रहे हैं।



बता दें कि 5 से 24 के बीच दिल्ली के लिए हर दिन दो ट्रेन का विकल्प बना हुआ है, जो सामान्य दिनों में चार तक होता है। मुंबई रूट की तुलना में दिल्ली की ट्रेनों में यात्रियों का दबाव अप्रैल में बढ़ेगा। संपर्क क्रांति सप्ताह में तीन दिन, वहीं राजधानी और हमसफर दो दिन चलती है। ऐसे में यात्रियों ने इन ट्रेनों में बुकिंग करवाना शुरू कर दिया है। दिल्ली की ट्रेनों में वर्तमान में सीट पर्याप्त है, लेकिन 5 से 10 अप्रैल के बीच की स्लीपर और थर्ड एसी में आरएसी भी शुरू होने लगे हैं।

### अब शुरू होगी वेटिंग

राजनांदगांव से मुंबई जाने के लिए अप्रैल में दिन में दो से तीन ट्रेनों की सुविधा मिलेगी। इस बीच ज्ञानेश्वरी और एलटीटी एक्सप्रेस रद्द है। जिसके बाद अब यात्रियों को गीतांजलि, हावड़ा मेल और समरसत्ता एक्सप्रेस में टिकट लेना शुरू कर दिया है। बता दें कि तीनों ट्रेनों में सीटों की संख्या स्लीपर, एसी में लगभग खत्म होने को है। ऐसे में एक से दो दिनों में आरएसी और वेटिंग भी शुरू हो जाएगा। महीने के अंत तक मांग बढ़ने से रेलवे नो रूम भी कर सकता है। अप्रैल में गीतांजलि एक्सप्रेस यात्रियों का दबाव बढ़ेगा।

### दिन के साथ ही अब रातें भी होने लगी गर्म, न्यूनतम तापमान में भी हुई वृद्धि

# 39 डिग्री पर अंचल का तापमान, इधर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस फिर एक्टिव, तीन दिन बेमौसम बारिश का अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगातार बढ़ रही गर्मी और हीटवेव के बीच राहत की खबर सामने आई है। मौसम विभाग के अनुसार 14 मार्च से राज्य के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण कई जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई गई है। इसमें राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला भी शामिल है।

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण झारखंड और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण झारखंड और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से मराठवाड़ा तक अंदरूनी उड़ीसा छत्तीसगढ़ और विदर्भ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, किंतु अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि होने की संभावना बना हुआ है। जिससे तापमान में भी बदलाव के संकेत मिले है।



### कल से बारिश के आसार

बस्तर संभाग में दक्षिण से वातावरण के निम्न स्तर पर आने वाली नमीयुक्त हवाओं के कारण हल्के बादल छाए हुए हैं तथा अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हो रहा है। प्रदेश में 13-16 मार्च से बस्तर संभाग से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। 14 से 16 मार्च को मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में भी हल्की वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में इस अवधि में गरज-चमक के साथ एक-दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है।

### प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव शहर

राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार राजनांदगांव जिला प्रदेश में सबसे गर्म क्षेत्र बना हुआ है। जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक अधिक पर है। वहीं न्यूनतम तापमान भी चढ़कर 20 डिग्री के करीब पहुंच गया है। जबकि रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जैसे शहरों का तापमान भी राजनांदगांव से कम पर बना हुआ है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### गेहूं की फसल पककर तैयार

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में इस बार गेहूं की फसल की बाहुल्यता है। कृषकों ने बड़े रकबे पर गेंहू का फसल बोया है। मौसम अनुकुल होने से फसल काफी बेहतर स्थिति में है। खेतों में फसल लगभग तैयार हो चुकी है। अगले सप्ताह से फसल की कटाई शुरू होने का अनुमान है। वहीं चना, लाखड़ी, मसूर, मूंग आदि की कटाई मिजाई होली पर्व के बाद से शुरू हो चुकी है।

### देवी मंदिरों में जलेंगे आस्था के जोत

**सड़क अतरिया।** अंचल के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। अगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व को लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। क्षेत्र के प्रसिद्ध नर्मदा मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर घिरघोली, चोरड़ाधाम, अन्नपूर्णा मंदिर पैलीमेटा, बंजारी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। इसके अलावा गांव के शीतला मंदिरों तथा घरों में भी जोत जलाने की तैयारी है। पर्व को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा सफाई एवं रंग रोहन किया जा रहा है।



### कलामंच और अहाता का भूमिपूजन



**छुरिया।** ग्राम पंचायत पांडेटोला में कलामंच और अहाता का भूमिपूजन जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में सोहन साहू, नकुल नेताम, प्रकाश मोटघरे मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि ग्रामीणों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए कार्य की स्वीकृति दिलाई हाई है। दोनों कार्य के लिए पांच लाख की स्वीकृति मिली है। प्रकाश मोटघरे, सोहन साहू, नकुल नेताम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच कीर्तन साहू, टेकराम साहू सहित पंच बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### जनप्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन



**खड़गांव।** क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्या और आवागमन की असुविधा को लेकर जनप्रतिनिधियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अपर कलेक्टर ने ज्ञापन में उल्लेखित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान साईदा खान ने बताया कि खडगांव क्षेत्र में लगातार बिजली आपूर्ति और आवागमन सुविधा के अभाव में आमजन परेशान हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद अध्यक्ष पुष्प मंडावी, साईदा खान, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बालचंद कुरैटी, एलेंद त्रिपाठी, रमिला ध्रुवे, सत्यदेवी टेकाम, सुरेखा सोरी, करण बोगा, रतिराम मंडावी, हीरालाल धुर्वे, रामदयाल गावड़े, प्रीति कोठारी, संतोषी बाई मंडावी उपस्थित थी।

### संतराम वर्मा का निधन

**घुमका।** नगर के वार्ड 15 निवासी और सेवानिवृत पोस्ट मास्टर संतराम वर्मा का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बुधवार को निज निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार पटेवा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह राजवंतिन वर्मा के पति तथा अवंती स्कूल के प्रधानाचार्य ललिता वर्मा एवं सविता, निर्मला, सीमा, संतोष वर्मा के पिता थे।



### टीएल बैठक में पर्यटन, स्वास्थ्य योजनाओं और राजस्व प्रकरणों की भी हुई समीक्षा

# केसीजी जिले में गर्मी से पहले पेयजल की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

कलेक्टोरेट में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों व जनहित से जुड़े मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों में गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था की विशेष समीक्षा की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति नहीं बननी चाहिए। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या की आशंका है, वहां समय रहते आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ ही खराब हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत, जलस्त्रोतों के नियमित रख रखाव तथा वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। विशेष रूप से पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाए रखने पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाए।



#### पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा

बैठक में जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हांकित होटलों को पर्यटन विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत कराया जाए ताकि जिले में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी और वय वंदन कार्ड के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र हितग्राहियों के अधिक से अधिक कार्ड बनाए जाएं, ताकि उन्हें शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

#### लंबित प्रकरणों की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने घरों में सौर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया और विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों और कार्यालयों में भी सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करें। इसके अलावा राजस्व विभाग के नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## गंडई कॉलेज में आज से सजेगा ज्ञान का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

शासकीय महाविद्यालय गंडई में आगामी 12 एवं 13 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के सौजन्य से आयोजित इस संगोष्ठी का विषय भारतीय ज्ञान परंपराः विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में रखा गया है।

उक्त आयोजन भारत की प्राचीन और समृद्ध ज्ञान-संपदा को आधुनिक संदर्भों में जोड़ने की एक अनूठी पहल है। संगोष्ठी का उद्देश्य यह परखना है कि कैसे भारतीय दर्शन, विज्ञान और संस्कृति विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में आधार स्तंभ बन सकते हैं। इस मंच पर देश भर के विद्वान और शोधार्थी अपने विचार साझा करेंगे।

#### शिक्षाविदों का मार्गदर्शन

प्राचार्य डॉ एनएस वर्मा के संरक्षण और पूर्व प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। संगोष्ठी के संयोजक गावस्कर कौशिक और आयोजन सचिव भागवत वर्मा ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से भारतीय ज्ञान के वैज्ञानिक, आर्थिक और सांस्कृतिक आयामों का समकालीन परिदृश्य में विश्लेषण किया जाएगा।

#### देशभर के जुटेंगे शोधार्थी

दो दिनों तक चलने वाले इस बौद्धिक समागम में विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित होंगे, जिनमें विषय-विशेषज्ञों के व्याख्यान और शोधपत्रों का वाचन होगा। आयोजन समिति ने बताया कि इसमें देश के अलग-अलग विश्वविद्यालयों से प्राध्यापक और युवा शोधार्थी हिस्सा ले रहे हैं, जो युवाओं में बौद्धिक जागरूकता पैदा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।महाविद्यालय परिवार ने क्षेत्र के सभी शिक्षाविदों, शोधार्थियों और जागरूक विद्यार्थियों से इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिस्सा लेने की अपील की है।

## किसानों को दलहन की खेती का प्रशिक्षण

- ब्लॉक के 90 किसान हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय छुरिया में कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी हेतु किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया, आगामी खरीफ फसल की अग्रिम प्लानिंग, तिलहन फसलों की कार्ययोजना, खाद संकट के विकल्प तथा अग्रिम खाद उठाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में लगभग 90 किसान संगवारी एवं अन्य किसानों ने भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, संतुलित उर्वरक उपयोग, फसल विविधीकरण तथा बाजार व्यवस्था से जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई। किसानों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा समय पर पंजीयन एवं उर्वरक उठाव सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान संगवारी ग्राम गहिराभेड़ी के किसान अंजू साहू, ग्राम गर्रापार के किसान रामसजीवन, हुमनलाल साहू, ग्राम ललमेटा के किसान सुनील साहू, ग्राम पैरीटोला के किसान भारत लाल, चिंताराम यादव सहित अन्य किसानों को उत्कृष्ट कार्य करने सम्मानित किया गया है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषि स्थायी समिति सभापति छुरिया उतरा निषाद, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीपी सहाड़े, डॉ. विकास सिंह, सहायक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुदेश पटेल, पैथोलॉजी एक्सपर्ट संतोष साहू, आरएईओ, रामेश्वर सिंहा एवं हितेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित

## महाविहार पर मांगा आधिपत्य महिला संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

- अन्य धार्मिक स्थलों के प्रावधान का दिया हवाला

बिहार के बोधगया स्थित विश्व प्रसिद्ध महाबोधि महाविहार के पूर्ण प्रबंधन और संचालन का अधिकार बौद्ध समाज को सौंपने की मांग को लेकर महिला सशक्तिकरण संघ ने मोर्चा खोल दिया है।

संघ की प्रदेश अध्यक्ष पद्मा मेश्राम के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और बिहार के राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने दौरान प्रदेश अध्यक्ष पद्मा मेश्राम ने कहा कि जिस तरह मुसलमानों के लिए मक्का-मदीना, ईसाइयों के लिए यरुशलेम और सिखों के लिए स्वर्ण मंदिर उनके आधिपत्य में है उसी प्रकार बौद्धों के सबसे पवित्र तीर्थ स्थल महाबोधि महाविहार को भी महंतों के कब्जे से मुक्त कर बौद्ध समाज को सौंपा जाना चाहिए।

#### सतत आंदोलन जारी

उल्लेखनीय है कि उक्त मांग को लेकर बौद्ध अनुयायी लंबे समय से आंदोलनरत हैं। उनकी मांग है कि उनके पवित्र स्थल का संचालन समाज द्वारा किया जाना चाहिए जिसके लिए केंद्र और बिहार सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान भंते कुमार कश्यप, भंते नानागंद, अमिताभ दुबे, नलिनी मेश्राम, प्रभा चंदीपुरे, अनिल सहारे, शोभा नंदेश्वर, विकी जांभुलकर, अरुणा गजभिये, अनिता सहारे और अन्य मौजूद थे।

## सहकारी बैंक की जमीन पर कब्जा, मामला विस में उठा

- मंत्री ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सहकारी बैंक भवन निर्माण स्थल अतिक्रमण को लेकर विधानसभा में सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आबंटित सरकारी जमीन से अतिक्रमण नहीं हटवा पा रही है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने अपने जवाब में बताया कि कलेक्टर से अतिक्रमण हटाने पर चर्चा हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही अतिक्रमण हटवाकर भवन बनाया जाएगा। विधायक बघेल ने पूछा कि प्रस्तावित जमीन पर किसका कब्जा है? उस जगह पर भवन का भूमिपूजन हो चुका है, लेकिन निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार बैंक की शाखा किराए के भवन पर चला रही है। मंत्री कश्यप ने बताया कि भवन नहीं है, इसलिए किराए के भवन में बैंक चला रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सवाल पर मंत्री कश्यप ने बताया कि भवन के लिए 2200 वर्ग मीटर जमीन आबंटित है। 13 हजार वर्ग मीटर जमीन की जरूरत पार्किंग के लिए है। श्री बघेल ने कहा जब आपके पास 19 हजार वर्ग फीट जमीन खाली है। इसका मतलब आप निजी व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के लिए अतिक्रमण नहीं हटवा रहे हैं।

## 13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

- गांव में होगा सुविधा का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

ग्राम पंचायत पुर्रामटोला में लगभग 13 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, नकुल नेताम, शिशुपाल साहू, कुंदन बडोले, सरपंच सुखबाई सिन्हा मौजूद थी। जानकारी के अनुसार 3.60 लाख सीसी सड़क, 2.60 लाख यात्री प्रतीक्षालय तथा लगभग 7 लाख पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ है। भूमिपूजन के दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुलिया और यात्री प्रतीक्षालय जैसे कार्य न केवल लोगों की जरूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर कुंजनलाल चंद्रवंशी, रामभरोसा पडौती, पुरन यादव, चुरामन यादव, तुलसी पौडती, बरससिंह, तुलसीराम, रामबिलास बांधे, विमला सिन्हा, राजोबाई पटेल, लता बसु आदि उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के 38 छात्र-छात्राओं ने डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डॉ. शैलेन्द्र सिंह, प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर एवं प्रो. तोमेन्द्र साहू के नेतृत्व में कलकत्ता का ऐतिहासिक भ्रमण किया। भ्रमण के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने ऐतिहासिक हावडा ब्रिज घुमा, दूसरे दिन काली मंदिर विक्टोरिया पैलेस तथा जूलॉजिकल गार्डन को देखा तथा तीसरे दिन बेलूर मठ तथा दक्षिणेश्वर मंदिर की जानकारी प्राप्त किया।भ्रमण के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने साइंस सिटी तथा कलकत्ता के प्रमुख बाजारों को देखा। 1876 में बना विक्टोरिया पैलेस को महारानी विक्टोरिया की स्तृति में एक ऐतिहासिक संग्रहालय बनाया गया है। बेलूर मठ हुगली नदी के किनारे स्थित है। इसकी स्थापना 1897 में स्वामी विवेकानंद द्वारा किया गया था। यह रामकृष्ण मिशन तथा रामकृष्ण मठ का मुख्यालय है। कलकत्ता का काली मंदिर के 52 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। हावड़ा ब्रिज हुगली नदी पर बना एक विशाल इस्पात पुल है। इसका निर्माण हावडा से प्रारंभ किया गया था और 1943 में बनकर पूरा हुआ था।

## कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान

- शेयर बाजार में निवेश प्रक्रिया से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में बुधवार को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में वित्तीय साक्षरता पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में इकोनामिक साल्यूशन सेबी सिक्योरिटीज मार्केट ट्रेनर राहुल प्रकाश खरवाड़े एवं रोहित अग्रवाल शामिल हुए थे। सर्वप्रथम प्राचार्य ने छात्रों को वित्तीय प्रबंधन और बचत के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए सही वित्तीय निर्णय लेने और बचत की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया।श्री प्रकाश ने विद्यार्थियों को निवेश के सिद्धांत, जोखिम प्रबंधन तथा वित्तीय योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शेयर बाजार, म्युचुअल फंड और डिजिटल वित्तीय लेनदेन में सुरक्षित निवेश के लिए नियामकीय दिशा निर्देशों और निवेशक जागरूकता पर प्रकाश डाला। संचालन शुभि जैन ने किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, कंचन साहू, हिमानी साहू, योगिता ठाकुर, संध्या कुमारी, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे, ज्ञानेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



## शिक्षिका को शाला परिवार ने दी विदाई

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला पुर्रामटोला की प्रधान पाठिका हालिमा बेगम कुरैशी के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार एवं ग्रामवासियों ने समारोह पूर्वक विदाई दी। शाला प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कुरैशी, विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता सरपंच सुखबाई सिन्हा ने की। कार्यक्रम में एबीईओ पीडी साहू, राधेलाल विश्वकर्मा, मनीराम बंजारे, कुशलराम सिन्हा, तुलसीराम मंडावी, कनस राम सिन्हा शामिल हुए। इस मौके पर अतिथियों ने शिक्षक को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि वह कभी सेवानिवृत नहीं होते। वह समाज को सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर श्रीमती कुरैशी को प्रतीक चिन्ह, पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन मोतीराम सिन्हा और आभार प्रदर्शन रूपेंद्र वैष्णव ने किया। कार्यक्रम में राममनोहर देवांगन, रूपेंद्र वैष्णव, डोमन साहू, पदमा सेवता, नागेश बंजारे, संतुराम चौरे, नरेंद्र साहू, पुष्पेंद्र यादव, जनक यदु, अशोक साहू, सीमा सहारे, पिंगला सिन्हा, पुष्पा पिस्दा, आरती दुबे आदि मौजूद थे।



## छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर

**गंडई पंडरिया।** बेटियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में नगर के शासकीय विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाया जा रहा है। नगर के पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय की कक्षा 6वीं से 12वीं तक की छात्राओं को प्रतिदिन एक घंटे का कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक खूबचंद साहू छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों से निपटने की बारीकियां सिखा रहे हैं। छात्राएं भी उत्सुकता और तन्मयता से इस विधा को सीख रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को फेस पंच, साइड डिफेंस, डान किक, कोरस डिफेंस के साथ गले और हाथों की पकड़ से खुद को छुड़ाने के तकनीकी सिखाया जा रहा है।





## खबर संक्षेप



### वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया विज्ञान का महत्व

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. डाकेश्वर वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते विज्ञान के महत्व तथा समाज और मानव जीवन में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. वर्मा ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने, जिज्ञासा बनाए रखने और शोध के प्रति रूचि बढ़ाने प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विज्ञान के माध्यम से नई खोजें और नवाचार संभव है, जो समाज के विकास और मानव जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. वर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार की दिशा में भी आगे बढ़ें, ताकि देश के वैज्ञानिक विकास में योगदान दे सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न भी रखे। प्राचार्य डॉ. मंडावी, संयोजक डॉ. मेमन साहू तथा प्राध्यापकों ने डॉ. वर्मा के प्रेरणादायक संबोधन की सराहना करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होते हैं।

### स्कूलों को मिले समय पर शिक्षक : विपिन

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने प्रदेश में प्रस्तावित 5000 शिक्षकों की भर्ती परीक्षा को अक्टूबर-नवंबर में आयोजित किए जाने पर आपत्ति जताते कहा कि जब स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, तब परीक्षा को इतने लंबे समय तक टालना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जब भर्ती करनी ही है तो विलंब करने का कोई अर्थ नहीं है। यह निर्णय छात्रों के हित में नहीं है। सरकार को शिक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा घोषित संभावित तिथियां शिक्षा व्यवस्था की तात्कालिक आवश्यकता के अनुरूप नहीं है। यदि परीक्षा अक्टूबर और नवंबर में आयोजित की जाएगी तो नियुक्ति प्रक्रिया और आगे खिसक जाएगी। जिससे नए शिक्षा सत्र में भी स्कूलों को शिक्षकों का इंतजार करना पड़ेगा। यह स्थिति विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय के समान है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में हजारों पद रिक्त हैं। कई ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूल एक-दो शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रहे हैं।

## अधिक से अधिक प्रकरणों का किया जाएगा निराकरण

# नेशनल लोक अदालत 14 को आयोजन को सफल बनाने बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- अधिवक्ता संघ, राजस्व विभाग, बैंक, नगर पालिका, बीएसएनएल एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर व अध्यक्ष विजय कुमार होता जि वि से प्रा राजनांदगांव के निर्देशानुसार अध्यक्ष मोहनी कंवर तालुक विसेस की अध्यक्षता नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने अधिवक्ता संघ, राजस्व विभाग, बैंक, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

14 मार्च को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के संबंध में तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष मोहनी कंवर की अध्यक्षता और सीजेएम निधि शर्मा, जेएमएफसी आकांक्षा खलखो की उपस्थिति मे कर्मचारियों व प्रतिनिधियों द्वारा ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निराकरण को लेकर प्रयास किए जाने जोर दिया गया।

इस दौरान अंकित सिंह राजपूत छग राज्य ग्रामीण बैंक, उज्वल कुमार, दीपक कुमार साहू आईडीबीआई बैंक, सूर्यकांत देवांगन बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बीरेंद्र कुमार एसबीआई, जेसी चंद्राकर विद्युत विभाग, कोमल ठाकुर, पीयूष चंद्र यदु नगर पालिका, सीआर चूरेंद्र बीएसएनएल, रामकुमार जांगड़े, सुरेश कुमार ठाकुर, संदीप वैष्णव, नीरज झा, सर्वेश ओसवाल, रामखिलावन महलकर, रविप्रताप सिंह श्रीराम फाइनेंस, चिरंजय जंघेल और पीएलवी गोलूदास साहू , कला प्रजापति, छबिराज उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालत में व्यवहार प्रकरण यथा संपत्ति संबंधी वाद, धन वसूली संबंधी वाद, बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित मामले, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, परिवार न्यायालय में लंबित वैवाहिक एवं अन्य मामले, विशेष न्यायालय विद्युत अधिनियम में लंबित प्रकरण, अन्य राजस्व संबंधी समझौता योग्य मामले का निराकरण होता है।

### लोक अदालत के लाभ

लोक अदालत में प्रकरणों के निपटारे से शीघ्र न्याय मिलता हैं। लोक अदालत में निपटारा प्रकारणों में दोनों पक्षों की जीत होती है। आपसी राजीनामा के कारण मामलों की अपील नहीं होती। दीवानी प्रकरणों के परिणाम तुरंत मिलता है।दावा प्रकरणों में बीमा कंपनी द्वारा राजीनामा मामलों में तुरंत एवार्ड राशि जमा कर दी जाती है। लोक अदालत में राजीनामा करने से बार-बार अदालतों में आने से रुपयों, समय की बर्बादी व अकारण परेशानी से बचा जा सकता है। लोक अदालत में राजीनामा करने से दीवानी प्रकरणों में कोर्ट फीस पक्षकारों को वापस मिल जाती है, किसी पक्ष को सजा नहीं होती। मामले को बातचीत द्वारा सफाई से हल कर लिया जाता है। सभी को आसानी से न्याय मिल जाता है। फैसला अन्तिम होता है और इसके विरूद्ध कहीं अपील नहीं होती।

## कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में "उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए उन्नत प्रयोगशाला उपकरण" विषय पर आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 06 मार्च 2026 को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के नेतृत्व तथा आईक्यूएसी के संयोजक प्रोफेसर यूनुस रजा बेग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. यूनुस रजा बेग ने कार्यक्रम की रूपरेखा को विस्तृत रूप में बताया कि यह कार्यशाला उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रायोजित है। यह कार्यशाला अत्यंत व्यापक एवं उपयोगी होने वाली है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न प्रयोगशाला उपकरणों की उपयोगिता, उनके रखरखाव तथा उनके वैज्ञानिक प्रयोगों में प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त होगी। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, लैब टेक्नीशियन और लैब अटेंडेंट के लिए आयोजित है।उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।

### अनुसंधान से विकास

कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की प्रयोगशाला वहां की अनुसंधान संस्कृति और नवाचार की भावना का महत्वपूर्ण संकेतक होती है। समाज और राष्ट्र का विकास अनुसंधान तथा नवाचार के माध्यम से ही संभव है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. डीके वर्मा द्वारा किया गया। अंत में डॉ. त्रिलोक द्वारा अतिथियों, प्राध्यापकगण, सहायक प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

## शिवनाथ कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना




**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में विज्ञान क्लब द्वारा उल्लासपूर्वक मनाया गया। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने व वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वाधान में हर साल 28 फरवरी को भारत में मनाया जाता है। शिवेन्द्र नगपुरे भौतिकी विभाग ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है। इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने 28 फरवरी सन 1928 को की थी, उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला। डॉ. एसआर कन्नोजे प्राणीविज्ञान ने रक्त, डॉ. एके झा रसायन विज्ञान ने रसायन का दैनिक जीवन में उपयोग, परमेंश्वर वर्मा ने गणित के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सामान्य ज्ञान में वर्षा प्रथम

इस अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम वर्षा साहू, द्वितीय वैभवी मिश्रा रही। तत्कालिक व्याख्यान में प्रथम आयुष वैद्य, द्वितीय ग्रेसमा रही। निबंध में प्रथम वंशिता गढ़ेवाल, द्वितीय आयुष वैद्य रहे। प्रथम विजेता को 200 रुपए व द्वितीय को 100 रुपए नगद पुरस्कार दिए गए। सरिता देवागंन ने कहा कि इस दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनमानस को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्यिों के प्रति सजग बनाना है। विज्ञान के बिना देश विकास के मार्ग पर तेजी से नहीं बढ़ सकता, विज्ञान ने गलत धारणा व अंधविश्वास का विनाश किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मोहड़ में बंद प्लाट खोल पानी की कराई निकासी



- महापौर ने कहा : जल्द होगा नाली निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 49 मोहड के शीतलापारा में लंबे समय से पानी निकासी की समस्या बनी हुई है। शीतलापारा के अंतिम छोर में निजी खुली भूमि होने से पानी निकासी में कठिनाई हो रही थी। पानी खुले प्लांट में भरने के कारण प्लाट मालिक द्वारा पानी निकासी बंद करने पर पानी भरने की समस्या आ रही थी, जिस पर वार्डवासी स्थाई समाधान की मांग कर रहे थे। समस्या के निराकरण के लिए महापौर मधुसूदन यादव मोहड पहुंच भूमि मालिक को समझाईस देकर पानी निकासी कराने राजी किए।

इस दौरान वार्ड पार्षद संजय रजक, कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, प्र. सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उप अभियंता ज्योति साहू, बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू सहित वार्ड की सीमा साहू, आरती साहू, राजेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, सीमा हिरवानी, कमलबाई, रेवती निषाद, ममता निषाद, चैनी ठाकुर, सोमीन ठाकुर, नेमिन निषाद, ईषा निषाद, प्रेमचंद निषाद, सोमन साहू, डिगेश ठाकुर, गणेश्वर हिरवानी के अलावा निगम व पुलिस अमला उपस्थित था।

### महापौर ने दी समझाईश

लंबे समय से शीतलापारा में पानी निकासी की समस्या थी, बार-बार समझाईस के बाद भी समस्या यथावत थी। शीतलापारा वासियों की मांग पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा भू-मालिक को समझाईस देकर पानी निकासी के लिए कहा जा रहा था, किन्तु भू-मालिक द्वारा निकासी द्वार बंद किया जा रहा था। शीतलापारा वासियों की शिकायत पर पानी निकासी के लिए नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम पहुंच भू-मालिक से पानी निकासी हेतु प्लांट खोलने कहा गया। भू-मालिक द्वारा नहीं मानने की स्थिति में महापौर मधुसूदन यादव स्थल में पहुंच भूमि स्वामी को समझाईस दिए। समझाईस उपरांत स्थाई समाधान की बात आई, जिस पर महापौर श्री यादव ने कहा कि होली त्यौहार के बाद नाली निर्माण किया जाएगा। नाली निर्माण हो जाने से निजी भूमि में पानी भरने की समस्या नहीं होगी। महापौर की समझाईस पर प्लांट मालिक ने पानी निकासी के लिए सहमति दी। सहमति उपरांत जेसीबी के माध्यम से पानी निकासी कराई गई।

## महिला दिवस पर सशक्त नारी का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला उत्थान मंडल व श्रीयोग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर मोहारा स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम में सशक्त नारी सम्मेलन एवं संस्कृति रक्षा यात्रा का आयोजन किया गया। अनेक क्षेत्रों में कार्यरत एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले आत्मनिर्भर महिलाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि रूप में पूर्व महापौर हेमा देशमुख, महिला एवं बाल विकास अध्यक्ष सरिता भोजवानी ने महिलाओं को संबोधित किया। विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के कार्य करने वाली नारी शक्ति वर्षा अग्रवाल, डॉ. रुपाली गांधी, सीमा डोले, किरण साहू, सबीहा गाजी, शारदा तिवारी, निखत परवीन, पूर्णिमा साहू, माया वर्मा, प्रतिमा बंजारे, पायल बरमाटे, विनीता सिन्हा, सीता साहू, चित्ररेखा साहू, महिला समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भोथीपारखुर्द,




पुष्पलता, सीता खरे, प्रतिभाशाली शिक्षकों एवं डोंगरगढ़, मोहला, गंडई के महिला उत्थान मंडल की बहनों को नारी सशक्तिकरण सम्मान चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम की श्रृंखला में संत आशारामजी बापू के ससम्मान रिहाई को लेकर महिलाओं की विशाल भीड़ ने वाहन यात्रा निकाली। वाहन यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं वाहन यात्रा में शामिल होकर संत आशारामजी बापू की रिहाई की मांग की। संस्कृति रक्षा यात्रा की मोहारा स्थित आशारामजी बापू आश्रम से निकालकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते शीतला मंदिर प्रांगण पर समापन किया गया।

### आश्रम की भूमि को सुरक्षित करने सौंपा ज्ञापन

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर, रमेश भोजवानी एवं महिला उत्थान मंडल की अध्यक्ष एरिना चंद्रवंशी ने बताया कि संस्कृति रक्षा यात्रा के पूर्व जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अहमदाबाद (गुज) के मोटेरा स्थित संतश्री आशारामजी आश्रम की पवित्र भूमि को ओलंपिक 2036 की परियोजना के तहत अधिग्रहित करने के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में देशभर के साधकों को आहत पहुंची है, क्योंकि यह भूमि कोई साधारण भूखंड नहीं है, बल्कि यह लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, सनातन संस्कृति और अध्यात्म की जीवंत धरोहर है। संस्कृति रक्षा यात्रा को सफल बनाने में सरिता चक्रधारी, प्यारी साहू, जया जयसिंघानी, रेखा बहन, तृप्ति वैष्णव, संगीता साहू, पूजा साहू, पूजा पालीवाल, प्रियल डेमबानी, नीतू लहरवानी, सुषमा भोजवानी, प्रेमकला गोस्वामी, चंचल साहू, चांदनी साहू, वीणा साहू, सरिता साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

### जस गायन स्पर्धा 22 से

**एलबी नगर।** जय चांदी पाठ सांई सेवा ग्वाल जस पचरा सेवा भजन मंडली चांदो के तत्वावधान में आगामी 22 से 24 मार्च तक जस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है।

## नैनो सामग्री नवाचार विषय पर कॉलेज में प्रशिक्षण 14 तक

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में रूसा 2.0 प्रॉपर्टी ग्रांट के अंतर्गत कम्प्यूटर आधारित सामग्री नैनो सामग्री नवाचार विषय पर विज्ञान संकाय के लिए 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 से 14 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य उच्च शिक्षा के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना तथा विज्ञान संकाय के शिक्षकों को कम्प्यूटर आधारित प्रयोग, डिजिटल सिमुलेशन और मॉडलिंग तकनीकों के माध्यम से सामग्री विज्ञान एवं नैनो प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस डॉ. मोहन एल. वर्मा द्वारा विषय विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। साथ ही हँड्स-ऑन प्रैक्टिस सत्र में पीएचडी शोधार्थी नायाब उल मलिक द्वारा प्रतिभागियों को तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा आमंत्रित व्याख्यान और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### व्याख्यान आयोजित

कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापक तथा विज्ञान संकाय के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. मोहन एल. वर्मा, समन्वयक नंदिनी चंद्रवंशी तथा सह-समन्वयक डॉ. सुरेश कुमार पटेल, आलोक कुमार जोशी एवं तारा ठाकुर हैं। आयोजन समिति में अमरनाथ निषाद, चंदन साहू, डॉ. चेतना गुप्ता, शैलजा, सानवी, शीला राहा एवं मंजुषा सक्रिय रूप से सहयोग दे रहे हैं। तकनीकी सहयोग रमन साहू एवं धनेश पटेल द्वारा प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम 14 मार्च तक जारी रहेगा। जिसमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं प्रायोगिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए दी बधाई

# मुख्यमंत्री से सम्मानित उत्कृष्ट कैडर और एफपीओ सदस्यों ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजधानी में मुख्यमंत्री से सम्मानित जिले के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उत्कृष्ट कैडर व एफपीओ सदस्यो ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से मुलाकात कर अपनी उपलब्धियों की जानकारी दी। कलेक्टर व सीईओ जिपं प्रेम कुमार पटेल ने महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है तथा आजीविका गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने सभी महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्वर्ण-उपज महिला किसान उत्पादक कंपनी की प्रतिनिधि हेमपुष्पा जंघेल, लखपति सीआरपी सेवती साहू व सक्रिय महिला प्रतिमा वर्मा ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की।



### कंपनी 450 गांव में कर रही काम

स्वर्ण-उपज महिला किसान उत्पादक कंपनी की हेमपुष्पा जंघेल ने बताया कि कंपनी 3 जिलों के 5 विकासखण्डों व लगभग 450 गांवों में कार्य कर रही है। कंपनी से 15,825 महिला किसानों को शेयरधारक के रूप में जोड़ा गया है। किसानों की सुविधा के लिए 70 कृषि उत्पादों की खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। यहां चना, सोयाबीन, मूंग एवं अरहर की बाजार मूल्य पर खरीदी कर 03 दिवस के भीतर किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान किया जाता है, साथ ही राजनांदगांव जिले के सुकुलदैहान में चना से दाल, बेसन निर्माण का प्लांट स्थापित किया गया है। कंपनी का कुल टर्नओवर अब तक लगभग 16 करोड़ रुपये पहुंच चुका है।

### 92 महिलाएं लखपति दीदी

कोहलाटोला छुईखदान की लखपति सीआरपी सेवती साहू ने बताया कि 136 महिलाओं को संभावित लखपति दीदी के रूप में चयनित किया गया है। वे पिछले दो सालो से मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करते हुए लखपति सीआरपी को प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं। उनके प्रयासों से 109 महिलाओं की आजीविका कार्ययोजना तैयार की गई है। अब तक 92 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। गाड़ाघाट जंगल खैरागढ़ की सक्रिय महिला प्रतिमा वर्मा ने बताया कि 5 पिछड़े ग्रामों में 12 स्व-सहायता समूहों का गठन कर 120 सदस्यों को समूह से जोड़ा गया है। साथ ही उन्होंने 15 समूहों को चक्रीय निधि व 14 समूहों को सामुदायिक निवेश कोष की राशि दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समूहों की नियमित साप्ताहिक बैठक भी सुनिश्चित कर रही हैं।

## विद्यार्थियों को सिखाया औषधीय पौधों से हर्बल उत्पाद बनाना

**राजनांदगांव।** विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल प्रख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डॉ. डाकेश्वर वर्मा ने भैरमगढ़ स्थित शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया।

डॉ. वर्मा के लेक्चर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को औषधीय पौधों के महत्व तथा उनसे हर्बल उत्पाद तैयार करने की वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों को स्थानीय रूप से उपलब्ध औषधीय पौधों की पहचान, उनके औषधीय गुणों तथा उनसे विभिन्न प्रकार के हर्बल उत्पाद जैसे घन सत्व, भस्म, क्रीम, हर्बल तेल, हर्बल पावडर और प्राकृतिक औषधीय तैयारियों के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के समन्वय से पर्यावरण अनुकूल और स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं।

डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे स्थानीय जैव विविधता और पारंपरिक ज्ञान का उपयोग कर स्वरोजगार के नए अवसर विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते अनेक प्रश्न पूछे और व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य गोकुलराम निषाद एवं प्राध्यापकों ने डॉ. वर्मा के इस प्रयास की सराहना की।

**आम सूचना का खंडन**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधिवक्ता कु.प्रतिमा महोबिया निवासी छुईखदान जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई (के.सी.जी) ने नवभारत समाचार पत्र दिनाँक 10/12/25 को ग्राम बुंदेली प.ह.नं. 19 तह. छुईखदान जिला के.सी.जी. (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं 917/1 व 918 से 921 तक कुल खसरा नंबर 05 व कुल रकबा 8.94 एकड़ भूमि स्वामी संतोष जैन पिता स्व.मानक लाल, निशा जैन पति प्रकाश चंद जैन, प्रतीक बांटीया पिता स्व. मानक लाल सभी निवासी रायपुर छ.ग. व अनिता जैन, सिधी पति विवेक जैन निवासी बालाघाट (म.प्र.) सभी खातेदार का मुखत्यार आम सुधीर गोलछा पिता मोहन लाल जैन निवासी - दनिया, छुईखदान जिला के.सी.जी. (छ.ग.) उक्त भूमि का सौदा मुखत्यार आम ने मेरे पक्षकार सुरेन्द्र कुमार जंघेल पिता मेहतर राम जंघेल निवासी ग्राम पंडरिया छुईखदान जिला के.सी.जी. (छ.ग.) को विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर विक्रय करने का सौदा किया गया था, अब अपरिहार्य कारणों से उक्त सौदा रद्द हो गया है। इस कारण उक्त आम सूचना का खंडन किया जा रहा है।

उपरोक्त सौदा रद्द होने के कारण खातेदार अथवा किसान अथवा मुखत्यार धारक उक्त भूमि अन्यत्र विक्रय करने में सक्षम है। हमारे पक्षकार से उक्त सौदा रद्द कर दी गई व इकरारनामा रद्द किया गया हैं तथा अन्य सौदा में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार को नहीं है। अतः उपरोक्तानुसार सूचना जाने।

दिनांक 11-03-2026
स्थान - छुईखदान

कु. प्रतिमा महोबिया, (अधिवक्ता)
छुईखदान - जिला के.सी.जी.
मो. 9424134392

## सार समाचार

### दो दिवसीय डेंटल चेकअप शिविर प्रारंभ

**राजनांदगांव।** वेसलियन हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण और जागरूकता के उद्देश्य से दो दिवसीय "मुफ़्त AI डिजिटल डेंटल चेक अप" शिविर का आयोजन किया गया। आधुनिक एआई तकनीक की सहायता से विद्यार्थियों के दांतों की डिजिटल जांच की जा रही है। जिससे दांतों से जुड़ी संभावित समस्याओं का प्रारंभिक स्तर पर ही पता लगाया जा सके। शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को दंत स्वच्छता, सही तरीके से ब्रश करने की आदत, संतुलित आहार तथा दांतों को स्वस्थ रखने के उपायों की जानकारी भी दी जा रही है।



विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस जांच में भाग लिया तथा इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताया। शाला प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में शाला के शिक्षकगण, स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल की सराहना की।

### एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं. क्र. 1282 का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक भवन चिखली राजनांदगांव में कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीराम और महाराणा प्रताप के तैलचित्र में पूजा-अर्चना कर किया गया। पूर्व कार्यकारिणी सदस्य अशोक ठाकुर द्वारा फाग गीतों से सभी झूम उठे। एक-दूसरे को गुलाल व तिलक लगाकर शुभकामनाएं दिया गया और होली की महत्वता बताया गया।



इस अवसर पर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय, उपाध्यक्ष संतोष कुमार चंदेल, सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर, उपसचिव आदर्श सिंह ठाकुर, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य केदार सिंह राजपूत, केंद्रीय निर्णायक सदस्य छाया ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सिखरवार, घनश्याम सिंह, उमेश चौहन, महिला अध्यक्ष शशि चौहान, देवेश सिंह, गोपाल सिंह, राजेश बघेल, आशीष ठाकुर, रीना राजपूत, पद्मिनी ठाकुर आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### होली मनाना सदभाव व एकता का प्रतीक है : बागड़ी

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा होली मिलन समारोह रखा गया। लायन अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने कहा कि होली का त्यौहार मनाना सभी धर्म व जाति के लोगों में एकता का प्रतीक है। अधिवक्ता मनमोहन साहू ने कहा कि होली का त्यौहार देश में एक सामाजिक भेदभाव मिटाकर देश को मजबूत बनाता है। इस अवसर पर अमलेन्दु हाजरा, आनंद वर्गीस, मनमोहन साहू, संदीप सिंह, योगेश गुप्ता, सूरज खंडेलवाल, दिलीप पात्रे, निता पात्रे, कपिल वरू उपस्थित थे।



## घुमका थाना क्षेत्र का मामला

# सेमी तोड़ने का विवाद, बंदर भगाने वाले बंदूक के बट से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेमी तोड़ने का विवाद इतना बढ़ा कि बंदर भगाने वाले बंदूक के बट से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच करते आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 मार्च को करीबन 1.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम उपरवाह निवासी किशनलाल साहू 62 वर्ष की हत्या करने की नीयत बंदर भगाने वाले बंदूक के बट से सिर में मार दिया है। सूचना पर घुमका थाना से पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचे, कार्रवाई प्रारंभ की गई।



### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी के मेमोरंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त बंदर भगाने वाले बंदूक व लाठी को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी अनुजराम साहू व लोमन साहू ग्राम उपरवाह को 11 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना घुमका से थाना प्रभारी निरीक्षक विजय मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक कोदूराम नागवंशी, प्रधान आरक्षक संजीव चौरसिया, हिरेंद्र देशमुख, सीपी साहू, केयूरभूषण यादव, आनंद कुमार, तारकेश्वर साय की भूमिका सराहनीय रही।

### सिर पर किया हमला

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूछताछ में प्रार्थिया ने बताया कि अपने मुर्तजरर पति किशनलाल साहू के साथ खेत से वापस अपने घर आए अपने घर के जालीदार घेरा में सेमी का पेड़ लगाए हुए हैं, जिसे आरोपी अनुजराम साहू व लोमन साहू सेमी फल को तोड़ रहा था, जिसे तोड़ने से मना किए तो किसनलाल साहू को गालियां देकर वाद-विवाद करने लगा और बंदर भगाने वाले बंदूक को लहराते आज तुझे आज जान से खतम कर दूंगा कहकर हत्या करने कि नीयत से बंदूक में लगे लकड़ी के बट से किशनलाल साहू के सिर में कई बार मार दिया तथा लोमन ने अपने हाथ में रखे डंडा से किशनलाल साहू के जांघ में मारा, सिर फूटने से खून निकलने लगा। जिससे किशनलाल साहू वहीं पर गिर गया। आरोपियों द्वारा मरा समझकर दोनों भाग गए।

### ब्राम्हण समाज का होली मिलन

**राजनांदगांव।** कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का होली मिलन समारोह मंगलवार को ढोल मंजीरे की थाप पर बैसवारी फाग गायन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजनांदगांव, बांधाबाजार एवं अंबागढ़ चौकी से आए विप्रजनों ने परंपरागत फाग गायन में सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को संगीतमय बनाया।



कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, प्रकाश शुक्ला, प्रो. आरपी दीक्षित, प्रदीप मिश्रा, करूणा शंकर तिवारी, विष्णुदत्त तिवारी, अजय शुक्ला एवं उमाकांत बाजपेयी ने दीप प्रज्जवलित किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन आयोजित होली मिलन समारोह के अवसर पर महिलाओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जगदीश मिश्रा, अखिलेश तिवारी, कार्तिकेय मिश्रा, डॉ. आलोक मिश्रा, दिनेश अवस्थी, शैलेष शुक्ला, विवेक शुक्ला, विकास शुक्ला, प्रभात बाजपेई, अशोक मिश्रा, मदन मोहन मिश्रा, ओंकार दीक्षित, धीरज द्विवेदी, अरूण बाजपेयी, अनिल बाजपेयी, अजय मिश्रा, अविनाश अवस्थी, राजेश मिश्रा, संजय मिश्रा, सुनील बाजपेयी, भूपेन्द्र बाजपेयी, शैलेन्द्र बाजपेयी, आदित्य बाजपेयी, केपी दीक्षित, राकेश तिवारी, प्रसन्न तिवारी, मुकेश तिवारी, उमाकांत, अवधेश, प्रदीप, कमलेश बाजपेयी, नरेश मिश्रा, शौर्य शुक्ला, अरुण शुक्ला, सुधीर शुक्ला, अवधेश त्रिपाठी, सत्यम बाजपेयी, सोनल तिवारी, प्रथम त्रिपाठी, प्रणय त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी, उमेश त्रिपाठी, रीसू बाजपेयी, अविनाश त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी शामिल थे।

## लाइनमैन ईश्वरी दिल्ली में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के मुसराकला वितरण केन्द्र में कार्यरत ईश्वरी लाल वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत पर्यावास केन्द्र लोधी रोड में आयोजित एक भव्य समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक द्वारा श्री वर्मा को देशभर से चयनित चुनिंदा लाइनमैनों के बीच सर्वश्रेष्ठ लाइनमैन के गौरवपूर्ण सम्मान से विभूषित किया गया। इस अवसर केंद्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री के द्वारा श्री वर्मा को प्रशस्ति पत्र, शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ संभाग के मुसराकला वितरण केन्द्र में पदस्थ लाइनमैन ईश्वरीलाल वर्मा को यह राष्ट्रीय पुरस्कार उनकी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में अटूट कर्तव्यनिष्ठा, उच्च तकनीकी दक्षता और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने प्रदान किया गया है। विशेष रूप से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रिकॉर्ड सोलर कनेक्शन प्रदान करने में उनके असाधारण योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई। श्री वर्मा की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर ने हर्ष व्यक्त करते उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर यह सम्मान मिलना छत्तीसगढ़ की विद्युत सेवाओं की गुणवत्ता और हमारे कर्मचारियों के समर्पण का प्रमाण है। यह सम्मान न केवल ईश्वरीलाल वर्मा की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि यह प्रदेश के हजारों बिजली कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने वाला एक मील का पत्थर साबित होगा। राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट एवं राजनांदगांव वृत के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर ने भी श्री वर्मा को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि मुसराकला जैसे ग्रामीण अंचल से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना गौरव की बात है।



### डुलानी को पूज्य सिंधी पंचायत ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा भाजपा नेता एवं समाज के वरिष्ठ आर्शीवादक रहे सुरेश डुलानी के दुखद निधन पर भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ मार्गदर्शक आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, घनश्याम गंगवानी, ब्रह्मानंद बजाज, गुरुमुखदास वाधवा, अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, कोषाध्यक्ष विजय गंगवानी, महासचिव हरीश मोटलानी ने बताया कि सुरेश डुलानी के दुखद निधन से समाज स्तब्ध और गमगीन है। उनके द्वारा समाज हित में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के वे समाज के लिए प्रेरणा के श्रोत रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय श्रवण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** विश्व श्रवण दिवस प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य श्रवण हानि के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा कान और श्रवण स्वास्थ्य की देखभाल को बढ़ावा देना है। इसी संदर्भ में कम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव द्वारा 10 मार्च 2026 को लाभार्थियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ के बीच श्रवण स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय श्रवण दिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और सहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के परिचय के साथ हुआ। जिसके पश्चात सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत स्मिता महोबिया निदेशक सीआरसी राजनांदगांव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. अश्विनी शेट्टी दिवाकर, डॉ.राहुल सिंह चौहान, डॉ. तुलावी, डॉ. तृप्ति पंजवानी, अंकित राज व्यास तथा पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना उपस्थित रहे।



### रविंद्र सिंह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रदेश प्रवक्ता, मीडिया पैनेलिस्ट की घोषणा की गई है। जिसमें शहर के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविन्द्र सिंह को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने 3 प्रदेश सहसंयोजक, 10 प्रदेश प्रवक्ता और 11 मीडिया पहले लिस्ट में नियुक्त किया है।






# विकास कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड विकास की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड नं. 14 व 15 में विकास कार्य कराने निगम पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया।

महापौर ने वार्ड नं. 14 में अधोसंरचना मद अंतर्गत लगभग 35 लाख रुपए की लागत से स्टेशन रोड में डामरीकरण तथा आईटीबीपी के उप महानिरीक्षक अनवर ईलाही, द्वितीय कमान मनोज कुमार बहुबुडा, उप सेनानी जीथ जेम्स व इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव के साथ वार्ड नं. 15 में अधोसंरचना मद अंतर्गत 9.50 लाख रुपए की लागत से बल्देवबाग में आईटीबीपी कार्यालय के पास सीमेंटीकरण एवं विधायक निधि अंतर्गत 7 लाख रुपए की लागत से पं. किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में इंटरलाकिंग कराने कॉलेज के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल, उपाध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल, सचिव अनिल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी, उप सचिव उमेश अग्रवाल, प्रशासक आरएन सिंग, प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा की उपस्थिति में अलग-अलग कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।



### कराए जा रहे विकास कार्य

भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शहर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक एवं सांसद द्वारा वार्डों में विकास कार्य कराने विधायक-सांसद निधि के अलावा अन्य मद में अनुशंसा कर राशि दिलाए हैं। इसी कड़ी में स्टेशन रोड में डामरीकरण, बल्देवबाग में सीमेंटीकरण तथा लॉ कॉलेज में इंटरकालिंग कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन के सहयोग से मूलभूत सुविधा रोड, नाली निर्माण के अलावा अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। स्टेशन रोड में डामरीकरण के अलावा स्वागत द्वार एवं डिवाईडर का सौंदर्यीकरण करने कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सभी वार्ड में विकास कार्य के अलावा सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। तीनों स्थान में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रम में वार्डवासी के अलावा विधि महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

## नशे की खेती के खिलाफ कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 12 मार्च 2026 को भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में प्रदेश में बढ़ती नशे की खेती और उसके संरक्षण के खिलाफ भाजपा कार्यालय घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि पहले दुर्ग जिले के समोदा गांव में लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती का खुलासा हुआ और अब बलरामपुर जिले में भी लगभग 5 एकड़ भूमि में अफीम की खेती सामने आई है। लगातार हो रहे इन खुलासों से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में नशे का कारोबार और अवैध खेती तेजी से फैल रही है, जो युवाओं के भविष्य के साथ-साथ संपूर्ण राज्य लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 12 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय के पूर्व अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के समीप एकत्र होकर भाजपा सरकार के खिलाफ घेराव एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने जिले के सभी वर्तमान एवं पूर्व विधायक, सभी वर्तमान एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी, मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भाजपा के शासनकाल में हो रही नशे की खेती के खिलाफ आयोजित इस आंदोलन में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।



विधानसभा में ग्रामीण व आदिवासी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, सहायक शिक्षकों की आपूर्ति एवं अवैध अतिक्रमण व यातायात का उठाया मुद्दा

# विधायक भावना ने सदन में उठाया अंचल का मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान लगातार जनहित व क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों को मुखरता से सदन के समक्ष रख रहीं हैं। वहीं विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने शासकीय विद्यालयों में सहायक शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नगरीय निकायों में अवैध अतिक्रमण और ग्रामीण व आदिवासी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन तथा उनकी सुविधा के विषय में सदन के समक्ष प्रश्न पूछा।

इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में स्थित शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति के लिए प्रश्न किया कि क्या राज्य के दूरस्थ, आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बड़ी संख्या में सहायक शिक्षकों के पद रिक्त हैं? क्या शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध नहीं हो पाने के परिणामस्वरूप ड्रॉप-आउट दर में वृद्धि हुई है? सरकार द्वारा रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति हेतु क्या कार्ययोजना एवं समय-सीमा निर्धारित की गई है? जिसके लिखित उत्तर में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में लगभग 25 हजार से अधिक सहायक शिक्षकों के पद रिक्त हैं और कबीरधाम जिला अंतर्गत कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया एवं सहसपुर लोहरा विकासखंड अंतर्गत 172 सहायक शिक्षकों के पद रिक्त हैं। मंत्री ने बताया कि सहायक शिक्षक पद के रिक्तियों की पूर्ति के लिए बस्तर एवं सरगुजा संभाग में सीधी भर्ती की गई है और युक्तियुक्तकरण के मध्यम से शिक्षकों की कमी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। भावना बोहरा ने आदिवासी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के विषय में प्रश्न किया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की पहचान, चयन एवं प्रशिक्षण हेतु कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं? जिले में विगत दो वर्षों में उक्त योजनाओं के अंतर्गत चिन्हित ग्रामीण एवं आदिवासी खिलाड़ियों की संख्या एवं उन्हें प्रदान किए गए? क्या कबीरधाम जिले में चयनित खिलाड़ियों हेतु आवासीय प्रशिक्षण, खेल उपकरण, पोषण एवं कोचिंग की समुचित व्यवस्था की गई है?

जिले में खेल प्रतिभा विकास हेतु पिछले दो वर्षों में कुल कितनी राशि स्वीकृत एवं व्यय की गई है? जिसके लिखित उत्तर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि राज्य शासन द्वारा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की पहचान, चयन एवं प्रशिक्षण हेतु विगत 02 वर्षों से बस्तर ओलम्पिक एवं इस वर्ष से सरगुजा ओलंपिक योजना शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर, महिला खेलकूद प्रतियोगिता, ग्रामीण खेल अभ्यास योजना, छग क्रीडा प्रोत्साहन योजना, खेलो इंडिया लघु केन्द्र संचालित है। जिले में खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं है। खेलो इंडिया के तहत कामठी में 15 बालक एवं 15 बालिकाओं को कबड्डी का नियमित कोचिंग दिया जा रहा है, जिसके लिए समुचित रूप से उपकरण एवं प्रशिक्षण उपलब्ध है।

विभाग द्वारा संचालित खेल अकादमी में जिले से चयनित प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को बीमा, चिकित्सा व्यय, खेल सामग्री एवं उपकरण, खेल परिधान, एकरूप परिधान, प्रतियोगिता के दौरान यात्रा व्यय, स्वल्पहार भत्ता, विशिष्ट प्रशिक्षण, एडवांस कोचिंग, आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय एवं खेलवृत्ति आदि सुविधाएं प्रदान किया जाता है। अकादमी के खिलाड़ियों का दुर्घटना एवं चिकित्सा बीमा करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया की कबीरधाम जिला अंतर्गत खेल प्रतिभाओं के विकास हेतु वर्ष 2023-24 में 95 लाख 18 हजार 755 रुपए आबंटन किया गया, जिसमें से 91 लाख 84 हजार 201 रुपए व्यय किया गया। वहीं वर्ष 2024-25 में 60 लाख 6 हजार 594 रूपए आबंटन किया गया, जिसमें 56 लाख 48 हजार 973 रुपए व्यय किया गया।

### उन्नत बीज, समय पर भुगतान व समर्थन मूल्य में वृद्धि की मांग

विधायक भावना बोहरा ने कृषि बजट अनुदान मांग पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए पंडरिया विधानसभा के गन्ना किसानों के हित, उन्हें उन्नत बीज की उपलब्धता ,समय पर भुगतान एवं समर्थन मूल्य में वृद्धि की मांग को प्रमुखता से सदन के समक्ष रखा। उन्होंने मांग रखी की पंडरिया क्षेत्र में गन्ना अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाए, जिससे किसानों को उन्नत किस्म के बीज और वैज्ञानिक तकनीक उपलब्ध हो सके। क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली नर्सरी विकसित कर किसानों को उन्नत बीजों के साथ आधुनिक खेती की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए। गन्ना उत्पादक किसानों को उनकी मेहनत का उचित और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जाए, ताकि उनकी आय सुरक्षित और स्थिर रह सके। सहकारी शक्कर मिलों को प्रत्येक वर्ष कार्यशील पूंजी के रूप में पर्याप्त अग्रिम राशि उपलब्ध कराई जाए, जिसे बाद में समायोजित किया जा सके। जिन शक्कर मिलों पर ऋण का दबाव है, उन्हें राहत देने के लिए सॉफ्ट लोन की व्यवस्था की जाए। शक्कर मिलों के संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कृषि एवं शक्कर उद्योग के अनुभवी विशेषज्ञों की संविदा आधार पर नियुक्ति की जाए। वहीं किसानों को तय-समय में राशि का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पपीता, टमाटर जैसे बागवानी खेती करने वाले किसानों को भी फसल बीमा योजना में शामिल करने की मांग रखी। इसके साथ ही ग्राम रणवीरपुर में उन्होंने कृषि महाविद्यालय की स्थापना करने की भी बात रखी।

# कुण्डा क्षेत्र के लिए फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



कुण्डा क्षेत्र में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सुरज चंद्राकर ने क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि कुण्डा में फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध हो जाए तो आसपास के लगभग 10 से 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों को समय पर राहत मिल सकेगी और लोगों को भारी नुकसान से बचाया जा सकेगा। बताया गया कि कुण्डा और दामापुर क्षेत्र के कई गांव जैसे दामापुर, जैतपुरी, डोंगरिया, सेन्हाभाटा, कुण्डा, भगतपुर, कोलेगांव, सैहामालगी, सोमनपुर, कोदवा, नवापारा, पेंड्रीकला, महली, महका, रापा और हथमुड़ी सहित अन्य पंचायतों में पिछले एक महीने के भीतर आगजनी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इन घटनाओं में दो सौ से अधिक परिवारों के धान-पैरा, गन्ना और धान जलकर राख हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।




ग्रामीणों का कहना है कि कुण्डा थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नहीं होने के कारण आग लगने की स्थिति में तत्काल मदद नहीं मिल पाती। आगजनी की सूचना देने के बाद जिला मुख्यालय से दमकल वाहन पहुंचने में दो से तीन घंटे तक का समय लग जाता है। इतने लंबे समय में आग विकराल रूप ले लेती है और कई घर व फसलें जलकर नष्ट हो जाती हैं। श्री चंद्राकर ने प्रशासन से मांग की है कि कुण्डा क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि दामापुर, भरेवपूरन, सैहामालगी, भगतपुर, मसली, महका सहित आसपास के गांवों में आग लगने की स्थिति में तुरंत राहत पहुंच सके और लोगों को बड़े नुकसान से बचाया जा सके।

## घुघरी कला में विदाई समारोह का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरी कला में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के बालिकाओं ने शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शाला के बच्चों ने अपने अनुभवों को साझा किया एवं एक-दूसरे का स्वागत करते हुए अपने मौलिक विचार, गीत प्रस्तुत किए। वहीं शाला के प्रधान पाठक एवं शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष चैतराम साहू द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष चैतराम साहू, पूर्व अध्यक्ष एवं विशिष्ट सदस्य किरण नाथ योगी, रोहित साहू सदस्य गुलेश्वर नाथ योगी, कोमल नाथ योगी, मुनिराम धुर्वे, बबला नाथ योगी ने अपना अमूल्य योगदान दिए। शाला प्रबंधन समिति के द्वारा सभी बच्चों को पेन, कम्पास वितरण किया गया। वहीं कक्षा छठवीं एवं सातवीं के बालक-बालिकाओं के द्वारा कक्षा आठवीं के सभी बच्चों को स्टील का नास्ता प्लेट भेंटकर सम्मानित किया गया। शाला के शिक्षक रोहित साहू, ईवन किशोर नेताम, श्रीमती विद्या साहू ने बच्चों को मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं दीं। किरण नाथ योगी व चैतराम साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन रुपेश तिवारी शिक्षक के द्वारा किया गया एवं प्रधान पाठक धर्मेंद्र शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी वर्मा को निर्विरोध राज्यसभा सांसद बनने पर दी बधाई



**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती लक्ष्मी वर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य से निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ से वर्तमान में भाजपा से लक्ष्मी वर्मा को निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित किया गया है, राज्यसभा के सीटों पर मार्च-2026 हुए द्विवार्षिक चुनाव में बीजेपी ने अपनी स्थिति मजबूत की है। श्रीमती लक्ष्मी वर्मा के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर कुण्डा मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि लंबे राजनीतिक अनुभव एवं संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा का संकल्प निश्चित ही राज्यसभा सदन में छत्तीसगढ़ की आवाज को सशक्त करेगा तथा राष्ट्रहित और जनहित से जुड़े मुद्दे को मजबूती से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं ओम यदु, सुरेश दुबे, बालमुकुंद चंद्रवंशी, रामस्वरूप साहू, दिनेश मिश्रा, राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, कृष्णा चंद्राकर, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, हरे कृष्णा शुक्ला, रामकुमार चंद्राकर, रामाधार शर्मा, ध्वजाराम चंद्राकर, विकास पाण्डेय, संतोष चंद्रवंशी, गीताराम साहू, सूरज यादव, दिनेश चंद्रवंशी, गणेश यादव, अमन खनूजा, मनोज ठाकुर, कपिल चंद्राकर सहित भाजपा मण्डल कुण्डा कार्यकर्ताओं ने सफल एवं उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

# मक्के स्कूल में न्योता भोज व विदाई समारोह का आयोजन




■ कक्षा 8वीं के छात्र छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में छत्तीसगढ़ शासन की पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को न्यौता भोज कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और विद्यालय के बीच आपसी संबंध एवं तालमेल को मजबूत करना तथा विद्यार्थियों को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराना है। प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को मिठाई, केला, पूड़ी एवं सब्जी परोसा गया तथा केक काटकर बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। साथ ही कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, शिक्षक कौशल खांडे, युगल साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, पालक भोला साहू सहित समिति के सदस्य, रसोइया एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थें। इस अवसर पर बारदी संकुल समन्वयक राधेश्याम यादव, रामशरण मेरावी, उत्तरा धुर्वे और रमेश साहू उपस्थित थें तथा बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सोनोग्राफी शिविरों से 976 गर्भवती महिलाओं को मिला लाभ



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के वनांचल और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए कभी सोनोग्राफी जैसी आधुनिक जांच के लिए शहर की लंबी और थकाऊ यात्रा एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन आज कबीरधाम जिले के सुंदूर इलाकों में ममता की राह आसान हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, स्वास्थ्य विभाग की इस पहल ने सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक नई कहानी लिख रही है। समय पर सोनोग्राफी जांच और विशेषज्ञों के परामर्श की सुविधा मिलने से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी संभव हो रही है। पिछले दो वर्षों में जिले के दुर्गम क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर 976 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की गई है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि उन 976 परिवारों की मुस्कान है जिन्हें अब अपने घर के पास ही विशेषज्ञ सुविधा मिल रही है। यह सुविधा न केवल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की नियमित निगरानी को संभव बना रही है, बल्कि सुरक्षित प्रसव की दिशा में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में अक्सर जानकारी और संसाधनों की कमी के कारण महिलाएं समय पर सोनोग्राफी नहीं करा पाती थीं, जिससे गर्भ में पल रहे बच्चे के विकास की सही जानकारी नहीं मिल पाती थी। शासन की इस विशेष पहल के तहत प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं, जिससे किसी भी संभावित खतरे की पहचान समय रहते संभव हो पा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहरा में सर्वाधिक 203 महिलाओं की जांच की गई। वहीं, दुर्गम क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में तीन चरणों में शिविर आयोजित कर 325 महिलाओं को लाभान्वित किया गया।

## निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं का चौपाल में हो रहा समाधान

# जनमन आवास में प्रगति लाने वनांचल में लग रही चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के वनांचल क्षेत्रो में प्रधानमंत्री जनमन आवास के निर्माण कार्य में प्रगति लाने और कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने व जिला स्तरीय अधिकारियों को सप्ताह में तीन दिवस कार्यो का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों के साथ संवाद करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल द्वारा गत दिवस बैठक में दिए गए थे। निर्देशो का पालन करते हुए सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत अमन यादव द्वारा ग्राम पंचायत लरबक्की आमनारा, कुकरापानी और दुर्जनपुर में चौपाल लगाकर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के हितग्राहियों से चर्चा की गई। आवास लाभार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि वह अपने लिए पक्के आवास का गुणवत्ता युक्त स्वयं निर्माण करे। साथ ही ग्रामीणों को बताया गया की शासन द्वारा 2 लाख रुपए की राशि हितग्राहियों के खाते में निर्माण अवस्था अनुसार प्रदाय किया जा रहा है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत आमनारा में जनमन आवास के 115 कार्य प्रगति पर है और 34 अप्रारंभ। ग्राम पंचायत दुर्जनपुर में 113 आवास प्रगति पर तथा 14 अप्रारंभ है। ग्राम पंचायत कुकरापानी में 184 आवासो का निर्माण चल रहा है और अप्रारंभ 71 हितग्राहियों द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत लरबक्की में 79 कार्य प्रगति पर एवं 15 आवास के हितग्राहियों द्वारा कार्य प्रारंभ किया जाना शेष है। चौपाल में 31 मार्च तक सभी अप्रारंभ आवासों को शुरू करवाकर प्लिंथ स्तर पर जिओ टैग करने के निर्देश मैदानी कर्मचारियों को दिए गए हैं।



# नल जल जीवन मिशन योजना फेल, ग्रामीणों की बढ़ी दिक्कतें

## पानी टंकी और नल कनेक्शन धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत दौजरी में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना अंतर्गत विशाल पानी टंकी का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया, वहीं जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अभी तक ग्रामीण हितग्राहियों के घर तक बने नल कनेक्शन में पानी नहीं आ रहा है। जिनके कारण से ग्रामवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा है। बताया जाता है कि जिम्मेदार ठेकेदारों व विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी तथा देखरेख के अभाव में विशाल पानी टंकी और नल कनेक्शन धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होने लगे हैं साथ ही साथ जल जीवन मिशन अंतर्गत बनाई गई पानी टंकी और कनेक्शन शोपीस रहकर बन गई हैं। जिस पर ग्रामीण रहवासियों ने शासन प्रशासन, जिम्मेदार ठेकेदार तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो को इस ओर ध्यान देने तथा हितग्राहियों के घरों में लगे नल कनेक्शन में जल जीवन मिशन के अंतर्गत मीठा शुद्ध पेयजल पहुंचाने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिल सकें।



### देखरेख के आभाव में खंडहर में तब्दील

ग्रामीण रहवासी मनोज चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी व मोहित साहू ने बताया कि विशाल पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था तब से आज पर्यंत तक शासन प्रशासन के नल जल योजना का लाभ से वंचित है। वहीं आज दो-तीन वर्ष बीत चुके है, लेकिन पानी टंकी की दरवाजे पर ताला लटके रहते है तथा देखरेख और आभाव में खंडहर में तब्दील होते जा रहा है।

## नपा कवर्धा के कर्मचारी डोर-टू-डोर राजस्व वसूली में जुटे



**हरिभूमि कवर्धा।** वित्तीय वर्ष सामाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरुप राजस्व वसूली के लिए नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी एवं सीएमओ रोहित साहू समय-समय पर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षा कर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप वसूली हेतु संबंधित वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर एवं नगर पालिका कार्यालय में राजस्व वसूली कर रहे है। जिसमें राजस्व शाखा प्रभारी श्रीनिवास द्विवेदी एवं सहायक राजस्व उप निरीक्षक बद्रीराम साहू ने चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2026 तक अपने बकाया सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है। श्री द्विवेदी कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करों का भुगतान कर सकते है। साथ ही बड़े बकायादारों को नेशनल लोक अदालत शिविर में समझौता के साथ अपने करों की भूगतान हेतु नोटिस दिया जा रहा है। जिसमें विशेष रुप से अनुराग सिंह ठाकुर पिता रामाधार ठाकुर दुकान किराया राशि 56522 रुपए बकाया, प्रभात तम्बोली पिता ररुराम दुकान किराया राशि 102349 रुपए बकाया, सरोज गुप्ता पति चंद्रिका गुप्ता दुकान किराया राशि 106659 रुपए बकाया, सतपाल कौर पति त्रिलोचन सिंह दुकान किराया राशि 1195674 रुपए बकाया, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता शिव कुमार राजपुत दुकान किराया राशि 1123677 रुपए बकाया, मनप्रीत सिंह पिता दर्शन सिंह किराया राशि 36024 रुपए बकाया एवं दर्शन सिंह पिता सरदार सिंह 33876 रुपए बकाया शेष है। सीएमओ ने कहा है, पालिका प्रशासन करों द्वारा प्राप्त राशि से पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन भुगतान का आधार है, वही चेतावनी दी गई है। कि जिन बकायादारों ने अब तक कर जमा नहीं किया गया है। उसके खिलाफ नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। तथा बड़े बकायादारों की सूची सार्वजनिक किया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**अनदेखी:** करीब तीन दशकों पुरानी महोत्सव की परम्परा पर संकट के बादल, जिले के हिन्दूवादी नेता मौन

# क्या इस बार कॉरिडोर निर्माण की भेंट चढ़ जाएगा भोरमदेव महोत्सव?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सांस्कृतिक पहचान बन चुका भोरमदेव महोत्सव इस बार सवालों के घेरे में है। पिछले तीन दशकों से अधिक समय से आयोजित होने वाला यह महोत्सव न केवल जिले की सांस्कृतिक धरोहर रहा है, बल्कि इसने कबीरधाम को प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र पर एक विशेष पहचान भी दिलाई है। लेकिन इस वर्ष महोत्सव के आयोजन को लेकर अनिश्चितता और चर्चाओं ने स्थानीय लोगों और संस्कृति प्रेमियों के बीच चिंता पैदा कर दी है। दरअसल, इन दिनों भोरमदेव मंदिर परिसर में लगभग 146 करोड़ रुपए की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण का कार्य चल रहा है। प्रशासनिक स्तर पर यह तर्क सामने आ रहा है कि निर्माण कार्य के चलते इस बार महोत्सव का आयोजन करना कठिन हो सकता है। हालांकि इस तर्क ने लोगों के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि विकास कार्य निश्चित रूप से आवश्यक हैं, लेकिन विकास के नाम पर वर्षों पुरानी परंपराओं को समाप्त कर देना और वह भी तब जब प्रदेश सहित जिले में हिन्दुत्व का राग अलापने वाली भाजपा की सरकार और नेता सत्ता में है, उचित नहीं कहा जा सकता। लोगों का मानना है कि स्थानीय नेता और प्रशासन यदि चाहे तो निर्माण कार्य के बीच भी महोत्सव के आयोजन का कोई वैकल्पिक रास्ता निकाल सकता है, बस इच्छा शक्ति होनी

## भोरमदेव महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं



भोरमदेव महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जिले की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक रहा है। हर वर्ष इस महोत्सव में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी कलाकार और श्रद्धालु पहुंचते हैं। लोकनृत्य, लोकगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक गतिविधियां इस महोत्सव को विशेष बनाती रही हैं। इससे न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। इसी कारण अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या कॉरिडोर परियोजना की चमक में इस महोत्सव की परंपरा को ही समाप्त करने की तैयारी तो नहीं की जा रही है। कई लोग यह भी पूछ रहे हैं कि यदि 30 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा टूट जाती है तो इसका संदेश क्या जाएगा।

## हिन्दुवादी जनप्रतिनिधियों और नेताओं से पूछे जा रहे सवाल

सबसे बड़ा सवाल जिले के उन जनप्रतिनिधियों और नेताओं पर उठ रहे हैं जो अक्सर मंचों से हिंदू आस्था और संस्कृति के संरक्षण की बात करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब बात भोरमदेव जैसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन की आती है तो उनकी आवाज क्यों सुनाई नहीं दे रही है।
लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर प्रयास करें तो कॉरिडोर निर्माण के साथ-साथ महोत्सव का आयोजन भी संभव है। इसके लिए आवश्यक है कि सांस्कृतिक परंपराओं को भी विकास योजनाओं के साथ बराबर महत्व दिया जाए। क्योंकि भोरमदेव मंदिर केवल एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल ही नहीं है, बल्कि उससे जुड़ी परंपराएं और उत्सव ही उसकी जीवंत पहचान हैं।
यदि महोत्सव का आयोजन बंद हो जाता है तो यह केवल एक कार्यक्रम का बंद होना नहीं होगा, बल्कि जिले की सांस्कृतिक विरासत पर भी इसका असर पड़ेगा।

## सत्ताधारी हिन्दूवादी नेताओं पर लोगों की नजर

भोरमदेव महोत्सव के आयोजन को लेकर तमाम आशंकाओं के बीच अब लोगों की नजर प्रशासन और जिले के सत्ताधारी और हिन्दूवादी जनप्रतिनिधियों पर टिकी है कि वे इस मुद्दे पर क्या निर्णय लेते हैं। क्योंकि यदि तीन दशक पुरानी यह परंपरा को तोड़ा जाता है तो इतिहास यह भी दर्ज करेगा कि कबीरधाम में मंदिर तो बचा रहा, लेकिन उससे जुड़ी संस्कृति और उत्सव धीरे-धीरे खत्म होते जा रही है।

# गांजा तस्करी का फरार आरोपी मध्यप्रदेश के जबलपुर से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

गांजा तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को बोड़ला पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले से पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

इस संबंध में बोड़ला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी योगेंद्र पाल उर्फ अरविंद पिता रघुवर सिंह, निवासी पोंडी राजघाट, थाना कटंगी, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश के खिलाफ थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 157/2019 एवं प्रकरण क्रमांक 108/2020 के तहत धारा 20(ख), 2(ब) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज था। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था।

न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ स्थायी वारंट भी जारी किया गया था। इस पूरे मामले में बोड़ला पुलिस कि टीम में शामिल प्रधान आरक्षक मनीराम, आरक्षक मनीष झारिया, अमर पटेल लगातार आरोपी की पतासाजी में जुटे थे।

इसी दौरान आरोपी के जबलपुर में छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर उसे दबोच लिया। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### तीन विशेष पर्वो पर स्थानीय अवकाश घोषित

**कवर्धा।** जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए तीन महत्वपूर्ण पर्वों, त्योहारों के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा इन तिथियों को स्थानीय अवकाश के रूप में अनुमोदित किया गया है। घोषित स्थानीय अवकाश की तिथियां निम्नानुसार हैं। श्रावण मास का प्रथम सोमवार 03 अगस्त 2026 (सोमवार) को, दशहरा (महाअष्टमी) 19 अक्टूबर 2026 (मंगलवार) को और भाईदूज (दीपावली) 11 नवंबर 2026 (बुधवार) को उक्त अवकाश जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में लागू रहेंगे। हालांकि, इन तिथियों में कोषालय एवं उप कोषालय यथावत खुले रहेंगे ताकि वित्तीय लेन-देन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### स्कूलों को सुबह पाली में लगाए जाने की मांग

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन करने की मांग की है। स्कूल शिक्षा विभाग प्रशासन को पत्राचार कर शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। संघ ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में ग्रीष्म ऋतु का तापमान लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश में शालाए दो पाली में संचालित की जा रही है द्वितीय पाली में लगने वाले स्कूलों में दोपहर के समय स्कूल से घर लौटते वक्त बच्चों को डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक लू लगने जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# सागौन एवं हल्दू की लकड़ी का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

## वन तस्करों के विरुद्ध वन विकास निगम की बड़ी कार्रवाई



- लकड़ी का अनुमानित मूल्य लगभग 40,000 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड के कवर्धा परियोजना मंडल अंतर्गत वन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए की जा रही सतत कार्रवाई के तहत सफलता प्राप्त हुई है। वन विकास निगम के पंडरिया परिक्षेत्र के कुकदूर सर्किल क्षेत्र में गश्त के दौरान अवैध रूप से वनोपज परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर वाहन सहित कीमती लकड़ी जप्त की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 मार्च 2026 को रात्रि लगभग 11.45 बजे पंडरिया परिक्षेत्र के कुकदूर सर्किल अंतर्गत संरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक पीएफ/1467 में गश्त के दौरान वन विकास निगम की टीम ने डालामौहा से भेड़ागढ़ बैगापारा जाने वाले कच्चे मार्ग पर एक बिना नम्बर प्लेट के ट्रैक्टर को संदिग्ध अवस्था में आते देखा।

घेराबंदी कर वाहन की तलाशी लेने पर ट्रैक्टर में राष्ट्रीयकृत वनोपज सागौन एवं हल्दू की लकड़ी भारी मात्रा में लदी हुई पाई गई, जिसका परिवहन बिना वैध दस्तावेज के किया जा रहा था। इस पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1), 41, 42 तथा छत्तीसगढ़ वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 के प्रावधानों के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18353/12, 06 मार्च 2026 दर्ज कर वाहन सहित वनोपज जप्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 नग स्वराज ट्रैक्टर, अनुमानित मूल्य लगभग 7.50 लाख रुपये, सागौन लठ्ठा एवं बल्ली 4 नग (लगभग 0.128 घन मीटर), हल्दू लठ्ठा एवं बल्ली 12 नग (लगभग 0.289 घन मीटर), अन्य लठ्ठा एवं बल्ली लगभग 0.250 घन मीटर सभी वनोपज का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 40,000 रुपये आंका गया है।

### तस्करों के विरूद्ध वन विभाग ने प्रारंभ की राजसात की प्रक्रिया

मंडल प्रबंधक कवर्धा परियोजना मंडल ने बताया कि उक्त प्रकरण की सूचना प्राप्त होते ही परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया द्वारा प्राधिकृत अधिकारी एवं उपमंडल प्रबंधक, कवर्धा को अवगत कराया गया। तत्पश्चात माननीय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट को सूचना प्रेषित करते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52(4) के अंतर्गत जप्त वाहन को राजसात (सरकारी संपत्ति घोषित) करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही वाहन जप्ती की सूचना क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को भी प्रेषित कर दी गई है, ताकि वाहन का क्रय-विक्रय अथवा हस्तांतरण न किया जा सके। यह संपूर्ण कार्रवाई सुनील कुमार, मंडल प्रबंधक, कवर्धा परियोजना मंडल के निर्देशन तथा दीपिका सोनवानी, उपमंडल प्रबंधक बोड़ला के मार्गदर्शन में जागेश गोंड, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया, रंजीत कुमार पटेल सहायक परियोजना क्षेत्रपाल, जसपाल सिंह मरकाम क्षेत्ररक्षक एवं स्थानीय सुरक्षा श्रमिकों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। वन विकास निगम, कवर्धा परियोजना मंडल ने स्पष्ट किया है कि वन क्षेत्रों में अवैध कटाई, परिवहन अथवा किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कड़ी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# एजेंसी संचालक रसोई गैस की रखें निर्बाध आपूर्ति : कलेक्टर गोपाल वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिले के गैस एजेंसी संचालकों और होटल संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ इंडियन ऑयल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए भारत सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गैस एजेंसी संचालकों के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिसका पालन अनिवार्य रूप से किया जाना है। उन्होंने कहा कि घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी। कमर्शियल गैस की आपूर्ति केवल अस्पतालों, स्कूल, आश्रम और आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जाना है। होटल-रेस्टोरेंट में कमर्शियल गैस की आपूर्ति को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने सभी एजेंसी संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन सभी गाइडलाइंस का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने खाद्य अधिकारियों से रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति, नियमित स्टॉक मॉनिटरिंग और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने गैस एजेंसी संचालकों से कहा कि सभी अपने गोदाम में तीन दिवस के दैनिक विक्रय के बराबर सिलेण्डर स्टॉक में रखेंगे। नियमित रूप से इंडेट लगायेंगे एवं कम्पनी से रिफिल का एक लोड डिस्पेच होते ही तत्काल उनका इंडेट लगायें। उपभोक्ताओं को घर पहुंच सेवा नियमित बनाये रखेंगे। विक्रय और स्टॉक की दैनिक रिपोर्ट सभी एजेन्सी देंगे। स्कूलों, अस्पतालों, आश्रमों, आंगनबाड़ी केन्द्रो एवं अन्य शासकीय संस्थाओं में एलपीजी रिफिल आपूर्ति नियमित बनाये रखेंगे। घरेलू गैस सिलेण्डर की अनियमितता ना हो इसका विशेष ध्यान रखेंगे। सभी एजेन्सियों में एलपीजी रिफिल की बुकिंग और आपूर्ति की ऐसी व्यवस्था बनाई जावे जिससे आम उपभोक्ताओं के मध्य शांतिपूर्ण वातावरण बना रहें। होटलों आदि में घरेलू सिलेण्डरो की रिफिल प्रदान ना किया जावे। शासन और गैस कम्पनियों के नियमों का कड़ाई से पालन किया जावे। बैठक में खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन, सहायक खाद्य अधिकारी मदन मोहन साहू व अनिल वर्मा, इंडियन ऑयल के अधिकारी और जिले के नोडल पंकज चेतिजा सहित खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी, जिले के गैस एजेंसी संचालक व होटल रेस्टोरेंट संचालक उपस्थित रहे।

# जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जल्द शुरू होने जा रही बड़ी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव में लिए वृहत एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। राज्य शासन की संवेदनशील पहल पर यह वृहत कार्यक्रम प्रारंभ होने जा रहा है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक 10 मार्च 2026 को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुरे ने इस टीकाकरण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान जिले के चिन्हांकित स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालित किया जाएगा तथा एचपीवी का टीका पूरी तरह सुरक्षित है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए 14-15 वर्ष की बालिकाओं के चिन्हांकन, पालकों को जानकारी प्रदान करना और आवश्यक सहमति लेने का कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में एक बड़ी समस्या है। ऐसे में यह टीकाकरण कार्यक्रम बच्चियों जरूरी सुरक्षा कवच प्रदान करेगी। इसका लाभ जिले की हर पात्र बालिका को मिलना चाहिए। सीएमएचओ डॉ. डीके तुरे ने अभियान के बारे में बताया कि प्रतिवर्ष विश्व में लगभग 74 हजार से 77 हजार महिलाओं की मृत्यु सर्वाइकल कैंसर से होती है, जिसमें से लगभग एक-तिहाई मौतें भारत में होती हैं।

## अपने अधिकारों के प्रति सजग हुई मानिकपुर की महिलाएं




हरिभूमि/बोड़ला। बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत मानिकपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम संस्था के निदेशक डॉ एचबी सेन के निर्देशन में किया गया। कृषक सहयोग संस्था के तत्वाधान में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया और शासन की विभिन्न योजनाओं व अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।कृषक सहयोग संस्थान बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। कार्यक्रम में गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। संस्था द्वारा बाल विवाह मुक्त कबीरधाम की प्रेरक बने और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने और 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' की अवधारणा को साकार करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

मानव आवास के लिए कोई भी मिस्त्री और पशु आवास निर्माण में पंजीकृत चाहिए

# सरकारी नियमों का अजब खेल, योजना के लाभार्थी उठा रहे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान

सरकारी तंत्र में नियमों की विसंगतियां अक्सर आम आदमी की समझ से परे होती हैं, मिसाल के तौर पर शासन की दो प्रमुख योजनाओं के निर्माण को लेकर बनाए गए नियमों के अंतर से नीतिगतजी विडंबना को देखा जा सकता है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मानव आवासों के लिए राजमिस्त्री का पंजीकृत होना अनिवार्य नहीं है, वहीं दूसरी ओर सरकार की एक अन्य योजना के तहत बनने वाले पशु शेड के निर्माण में केवल पंजीकृत राजमिस्त्री से ही कार्य कराने का कड़ा प्रावधान है। यानि कि इंसान से ज्यादा पशु आवास के नियम सख्त हैं। हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी को अपना घर बनाने के लिए लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए की सहायता दी जाती है। इस योजना में सरकार का तर्क रहा है कि गरीब व्यक्ति अपनी सुविधा और पसंद के हिसाब से किसी भी स्थानीय मिस्त्री से काम करा सकता है ताकि उसे भुगतान में दिक्कत न आए। लेकिन, जब बात पशुओं के लिए शेड निर्माण की आती है, जिसकी लागत लगभग 1 लाख रुपए के आसपास है, तो नियम अचानक सख्त हो जाते हैं। यहां सरकार की शर्त है कि मिस्त्री का श्रम विभाग या संबंधित विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है। बिना पंजीकरण वाले मिस्त्री से काम कराने पर भुगतान अटक सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि इन दोनों ही योजनाओं में एक समानता यह है कि मजदूरी का भुगतान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत किया जाता है। अब ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि जब दोनों योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास करना है और बजट में भी बहुत अधिक अंतर नहीं है 1.20 लाख बनाम 1 लाख, तो नियमों में इतना दोहरापन क्यों?

**क्या कहते हैं जिम्मेदार और भुक्तभोगी?**

ग्रामीण विकास विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी नेनाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक व्यापक लक्ष्य वाली योजना है, जहां मकान की मजबूती से ज्यादा लाभार्थी की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। वहीं, पशु शेड निर्माण के लिए पंजीकृत मिस्त्री की शर्त संभवतः इसलिए रखी गई होगी ताकि मनरेगा के तहत तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। हालांकि, यह स्वीकार्य है कि दोनों योजनाओं में यह अंतर व्यावहारिक स्तर पर भ्रम पैदा करता है।

**राजमिस्त्री कलाराम विश्वकर्मा का अनुभव**

योजना के नियमों को लेकर स्थानीय राजमिस्त्री कलाराम ने बताया कि से राजमिस्त्री के कार्य का 30 वर्षों का अनुभव है इस दौरान उसने गांव के सैकड़ों पक्के मकान बनाए हैं जो आज भी सीना ताने खड़े हैं। लेकिन सरकार कहती है कि मेरे पास रजिस्ट्रेशन नहीं है, इसलिए मैं पशुओं का बाड़ा (शेड) नहीं बना सकता। क्या इंसान का घर बनाना आसान है और गाय-भैंस का शेड बनाना उससे भी बड़ी इंजीनियरिंग है? यह तो हमारे हुनर का अपमान है।

**क्या कहते हैं योजना के लाभार्थी**

इस संबंध में एक ओर जहां पीएम आवास वाले हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें उनके आवास निर्माण का पैसा सहजता से मिल गया वहीं पशु शेड के हितग्राहियों में इस बात को लेकर असंतोष है कि सरकार एक लाख के पशु शेड में ऐसे नियम थोप रही है जैसे हम ताजमहल खड़ा कर रहे हैं।

# प्याज की उन्नत खेती को बढ़ावा देने कृषक प्रशिक्षण सह प्रक्षेत्र दिवस संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत प्याज के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत ग्राम गांगपुर में कृषक प्रशिक्षण सह प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन 10 मार्च को किया गया। उक्त कार्यक्रम 35 एकड़ रकबा में संचालित प्रदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें योजनांतर्गत लाभान्वित कृषकों को प्याज की उन्नत किस्म भीमा किरण का बीज तथा पौध संरक्षण के लिए आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के पूर्व कृषकों को प्याज की उन्नत खेती की वैज्ञानिक पद्धति, उन्नत किस्मों के चयन, रोपण विधि, पोषक तत्व प्रबंधन तथा रोग एवं कीट नियंत्रण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रक्षेत्र दिवस के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों के खेतों में स्थापित प्रदर्शन प्लॉट का अवलोकन कर फसल की स्थिति का मूल्यांकन किया गया तथा आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्याज की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों के समन्वित प्रबंधन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कृषकों को फसल चक्र अपनाने की सलाह देते हुए बताया कि इससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है तथा रोग-कीट का प्रकोप कम होता है। उन्होंने बताया कि प्याज में थ्रिप्स कीट के नियंत्रण हेतु स्पाइनोटोरम 11.7 प्रतिशत एससी (डेलीगेट) 20 मिली प्रति 15 लीटर पानी अथवा फिप्रोलिन 5 प्रतिशत एससी 250 मिली प्रति एकड़ का छिड़काव किया जा सकता है।

